प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 23.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–राज्य में पारदर्शी शासन देना सरकार की प्राथमिकता; अधिकारी गंभीरता से काम करें, नहीं तो दंड का भी है नियम।
2. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की प्राकृतिक खेती में बेहतर कार्य करने वाले क्लस्टर को एक लाख रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा, कहा–अब खेती का लक्ष्य होगा 20 हजार हेक्टेयर।
3. झारखण्ड और पश्चिम बंगाल के 44 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी खत्म, 14 करोड़ रुपये नकद, भारी मात्रा में सोने–चांदी के जेवरात और 150 गिफ्ट डीड बरामद
4. मौसम विभाग ने कहा–राज्य के अधिकतर जिलों में अगले तीन दिनों तक ठंड से लोगों को मिलेगी हल्की राहत, 26 नवम्बर के बाद से फिर गिरेगा पारा।
5. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 30 नवम्बर को रांची में होने वाले क्रिकेट मैच की तैयारियां जोरों पर; ऑनलाइन टिकट खत्म, 25 नवम्बर से खुल जाएंगे ऑफलाइन टिकट काउंटर।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में पारदर्शी शासन देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने राज्य के अधिकारियों को तय समय में कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर अधिकारी गंभीरता से काम नहीं करेंगे तो दंड का भी प्रावधान है, जिसे लागू किया जाएगा। श्री सोरेन झारखण्ड विधानसभा की 25वीं वर्षगांठ पर लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि राज्य के विधायक यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

****

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि प्राकृतिक खेती में बेहतर कार्य करने वाले क्लस्टर को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्राकृतिक खेती का लक्ष्य भी 20 हजार हेक्टेयर किया जाएगा। मंत्री पशुपालन विभाग के हटिया स्थित सभागार में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन पर आयोजित एक कार्यशाला को सम्बोधित कर रही थीं।

****

झारखण्ड और पश्चिम बंगाल के 44 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की छापेमारी में 14 करोड़ रुपये नकद रुपये बरामद किये गए हैं। इसके अलावा भारी मात्रा में सोने और चांदी के जेवरात और 150 गिफ्ट डीड भी मिली है। छापेमारी ख़त्म होने के बाद ईडी की ओर से आधिकारिक बयान जारी किया गया।

****

56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी के चौथे दिन आज भी गोवा में सिनेमा, प्रतिभा और वैश्विक भागीदारी का अदभुत संगम देखने को मिलेगा। पेश है इस वैश्विक आयोजन में मौजूद हमारे संवाददाता की यह रिपोर्ट –

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 24 नवम्बर को झारखण्ड के पहले कमर्शियल पायलेट ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन करेंगे। दुमका में बने इस ट्रेनिंग सेंटर से अब पायलट बनने का प्रशिक्षण लिया जा सकेगा।

****

गोड्डा जिले के बोआरीजोर प्रखंड स्थित प्राकृतिक जलाशय सुंदर डैम को तीन करोड़ की लागत से पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

****

साहेबगंज जिले से पुलिस ने गोलीबारी की घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि इनके पास से हथियार और चार मोबाइल फोन बरामद किये हैं।

****

राज्य में अगले तीन दिनों तक ठंड से लोगों को राहत मिलेगी। हालांकि, 26 नवम्बर के बाद से एक बार फिर ठंड के बढ़ने की संभावना है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तरी क्षेत्र से आने वाली ठंडी हवाओं में कमी आने से सभी जिलों में रात का न्यूनतम तापमान बढ़ गया है, जिस कारण ठंड से थोड़ी राहत मिली है।

****

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 30 नवम्बर को रांची में होने वाले क्रिकेट मैच की तैयारियां जोरों पर हैं। 25 नवम्बर से ऑफलाइन टिकट काउंटर खुल जायेंगे। झारखण्ड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि ओनलाइन टिकट ख़त्म हो चुके हैं और 25 नवम्बर से स्टेडियम के पश्चिम गेट के पास बने काउंटर से सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे तक टिकट ख़रीदे जा सकेंगे।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित होने वाले सभी प्रमुख अख़बारों ने अवैध कोयले की आपूर्ति को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की झारखण्ड और पश्चिम बंगाल में हुई छापेमारी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है–झारखण्ड–बंगाल की सीमा पर बड़ा नेटवर्क कर रहा काम, स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत के सुबूत।

हिंदुस्तान ने दक्षिण अफ्रीका में हो रहे शिखर सम्मलेन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आतंकवाद और ड्रग्स के गठजोड़ पर दिये गये बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण की हेडलाइन है–रांची में 60 स्थानों पर लगाए गए शिविर, समस्यायों का हुआ निदान।

प्रभात खबर ने लिखा है–बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल की स्थिति पर हाईकोर्ट सख्त, लिया संज्ञान।

संडे टाइम्स ने रांची नगर निगम की ओर से जारी एक बयान को लीड बनाया है, जिसमें आम लोगों को निगम की फर्ज़ी वेबसाइट से बचने की सलाह दी गई है।

हिंदुस्तान टाइम्स के शब्द हैं, नेता प्रतिपक्ष की चिंता – राज्य में अब भी शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति खराब।

****